बिहार सरकार
कृषि विभाग

पत्रांक :–27/DoH/SS/45/2026- प.वि.एम० - 108 - /पटना दिनांक-10.10.2026

प्रेषक,

कल्पना कुमारी,
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

(+) अनौपचारिक रूप से परामर्शित — **महालेखाकार, बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा : **वित्त विभाग।**

विषय : **राज्य स्कीम मद से उद्यान प्रदर्शनी के आयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कुल 323.00 लाख (तीन करोड़ तेईस लाख) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन के फलस्वरूप सृजित देयता के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल 102.58203 लाख (एक करोड़ दो लाख अन्ठावन हजार दो सौ तीन रूपये) मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : **स्वीकृत।**

राज्य स्कीम मद से उद्यान प्रदर्शनी के आयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कुल 323.00 लाख (तीन करोड़ तेईस लाख) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन के फलस्वरूप सृजित देयता के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल 102.58203 लाख (एक करोड़ दो लाख अन्ठावन हजार दो सौ तीन रूपये) मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. योजना का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत्यादेश संख्या–67, दिनांक 19.06.2025 के द्वारा उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत बागवानी महोत्सव, आम महोत्सव, मखाना महोत्सव, राज्यस्तरीय कार्यशाला एवं प्रमंडलस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विगत वर्ष में राज्य पोषित योजना में राशि की निकासी कोषागार द्वारा पारित नहीं किए जाने के कारण कुल 102.58203 लाख (एक करोड़ दो लाख अन्ठावन हजार दो सौ तीन) रूपये मात्र की उत्तरदेयता का सृजन हुआ है। अतएव यह एक चालू योजना है।

3. उत्तरदेयता की एजेंसीवार विवरणी अनुसूची–1 से 6 तक एवं श्रेणीवार उत्तरदेयता की विवरणी अनुसूची–7 के रूप में संलग्न है।

4. योजनान्तर्गत देयता की राशि इस शर्त के साथ स्वीकृत की जाती है कि उक्त योजना अन्तर्गत इसके बाद कोई भी देयता की राशि शेष नहीं है तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त ही राशि का भुगतान लाभुकों को करेंगे। योजना के देयता का भुगतान कार्यान्वयन अनुदेश के अनुरूप कार्य किया गया है या नहीं, उसके जाँचोपरांत ही नियमानुसार किया जायेगा। किसी तरह के गलत भुगतान के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी तथा योजना के नोडल पदाधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

5. योजना में स्वीकृत राशि की निकासी अनुसूची–7 के आलोक में, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा संबंधित कोषागार से Form No. BTC- 25 पर CFMS-2.0 के विहित रीति से वित्त विभाग पत्रांक–2561, दिनांक 17.04.1998 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

6. इस योजना के उत्तरदेयता की राशि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–67 दिनांक 19.06.2025 तथा इसके लिए निर्गत कार्यान्वयन अनुदेश के आलोक में किया जायेगा।

7. यह योजना देयता से संबंधित है। अतः शून्य मानव दिवस सृजित होने की संभावना है।

8. इस योजना हेतु स्वीकृत राशि केवल सामान्य मद से निकासी एवं व्यय किया जायेगा।

9. महालेखाकार, बिहार, पटना को अंकेक्षण का अधिकार होगा।

10. योजना कार्यान्वयन के क्रम में यथावश्यक संशोधन प्रशासी विभाग द्वारा वित्तीय सीमा के अधीन किया जा सकेगा।

11. योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी निदेशक उद्यान, बिहार होंगे। निदेशक, उद्यान समय–समय पर योजना का कार्यान्वयन तथा प्रगति की स्वयं समीक्षा करेंगे।

12. वित्तीय वर्ष 2026–27 में बजट शीर्ष एवं उपबंधित राशि से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है :–

(राशि लाख रू० में)

बजट शीर्ष	उपबंधित राशि	स्वीकृत राशि
मुख्य शीर्ष 2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 119–बागवानी तथा वनस्पति फसलें, माँग संख्या– 01, उप शीर्ष 0101–उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड–01–2401001190101, विषय शीर्ष–0101–13–01 कार्यालय व्यय।	909.70	102.58203
मुख्य शीर्ष 2401–फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, माँग संख्या–01, उप शीर्ष– 0130 उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड–01–2401007890130, विषय शीर्ष–0130–13–01 कार्यालय व्यय।	176.00	0
मुख्य शीर्ष 2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, माँग संख्या–01, उपशीर्ष 0152–उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड–01–2401007960152, विषय शीर्ष–0152–13–01 कार्यालय व्यय।	14.30	0
कुल	**1100.00**	**102.58203**

13. वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 12888/वि० दिनांक 03.12.2014 एवं पत्रांक–201 दिनांक 13.03.2025 में निहित प्रावधान के आलोक में चालू योजना के रूप में योजना कार्यान्वयन हेतु राशि की निकासी एवं व्यय के प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर माननीय मंत्री, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या–27/DoH/SS/45/2026 के पृष्ठ संख्या–24/टि० पर दिनांक–07.10.2026 को प्राप्त है।

14. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि० (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

15. स्वीकृत्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार का सहमति संचिका संख्या–27/DoH/SS/45/2026 के पृ० सं०–23/टि० पर दिनांक–05.10.2026 को प्राप्त है, जिसकी डायरी संख्या–695 दिनांक–05.10.2026 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

7/10

(कल्पना कुमारी)
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 27/DoH/SS/45/2026- पी०पी०एम० - 108 - /पटना दिनांक-10.10.2026

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/10

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 27/DoH/SS/45/2026- पी०पी०एम० - 108 - /पटना दिनांक-10.10.2026

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/10

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 27/DoH/SS/45/2026- पी०पी०एम० - 108 - /पटना दिनांक-10.10.2026

प्रतिलिपि : सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/10

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 27/DoH/SS/45/2026- पी०पी०एम० - 108 - /पटना दिनांक-10.10.2026

प्रतिलिपि : सचिवालय कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना एवं संबंधित जिला कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/10

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 27/DoH/SS/45/2026- पी०पी०एम० - 108 - /पटना दिनांक-10.10.2026

प्रतिलिपि : माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, कृषि के प्रधान आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना/निदेशक, पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक उद्यान/संबंधित उप निदेशक उद्यान/संबंधित, जिला कृषि पदाधिकारी,/संबंधित सहायक निदेशक उद्यान/जिला उद्यान पदाधिकारी/मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/10

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 27/DoH/SS/45/2026- पी०पी०एम० - 108 - /पटना दिनांक-10.10.2026

प्रतिलिपि : उप निदेशक (शष्य), सूचना, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार पदाधिकारी को ई–मेल से भेजने हेतु प्रेषित।

10/10

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

अनुसूची–01

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत अवयववार उत्तरदेयता भुगतान से संबंधित विवरणी।

क्र० सं०	फर्म/अन्य का नाम	राशि
1	बागवानी महोत्सव, 2025–26	88,02,838.00
2	आम महोत्सव, 2025–26	3,00,815.00
3	मखाना महोत्सव, 2025–26	1,60,500.00
4	राज्यस्तरीय कार्यशाला 2025–26	4,99,050.00
5	प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी, 2025–26	4,95,000.00
	कुल	**1,02,58,203.00**
		(एक करोड़ दो लाख अन्ठावन हजार दो सौ तीन) रूपये

निदेशक उद्यान, बिहार।
(अभिषेक कुमार)

अनुसूची–02

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत बागवानी महोत्सव, 2025–26 की उत्तरदेयता भुगतान से संबंधित विवरणी।

क्र० सं०	फर्म/अन्य का नाम	विपत्र/पत्र संख्या एवं दिनांक	राशि
1	कृष्ण स्मारक विकास समिति, पटना।	169/SKM-15/42/30.01.2026	8,26,591.00
2	M/s. Amit Enterprises, Sonepur, Saran	AE/2026-27/38/12.02.2026	25,38,475.00
3	M/s. Amit Enterprises, Sonepur, Saran	AE/2026-27/39/12.02.2026	13,33,570.00
4	M/s. Amit Enterprises, Sonepur, Saran	AE/2026-27/40/12.02.2026	3,59,900.00
5	M/s. Amafhha Media Pvt, S.P. Verma Road, Patna	AMPL/25-26/0060/09.02.2026	49,074.00
6	Talisman	736/2025-26/13.02.2026	30,680.00
7	Talisman	737/2025-26/13.02.2026	49,855.00
8	M/s. Amafhha Media Pvt, S.P. Verma Road, Patna	AMPL/25-26/0062/18.02.2026	4,03,011.00
9	M/s. Amafhha Media Pvt, S.P. Verma Road, Patna	AMPL/25-26/0063/20.02.2026	3,96,952.00
10	तकनीकी सत्र एवं मूल्यांकन		42,000.00
11	अंकिता पल्लव, एंकर, पटना	06.03.2026	12,000.00
12	सोमा चक्रबर्ती एंकर, पटना	ANCH/115/2025-26/25.02.2026	12,000.00
13	Royel event and entertainment Pvt. Ltd.	DoH/001/2025-26/13.02.2026	4,74,000.00
14	दीक्षा आर्ट एण्ड प्रिंटस, पटना	1630/24.02.2026	75,142.00
15	दीक्षा आर्ट एण्ड प्रिंटस, पटना	1631/24.02.2026	61,360.00
16	Krishna Mithila Art, Patna	5/12.02.2026	2,16,300.00
17	Ambica Traders, Patna	AT/2823/25-26/20.02.2026	4,17,814.00
18	Ambica Traders, Patna	AT/2738/25-26/12.02.2026	38,940.00
19	Ambica Traders, Patna	AT/2824/25-26/20.02.2026	2,63,623.00
20	Ambica Traders, Patna	AT/2666/25-26/04.02.2026	23,600.00
21	Ambica Traders, Patna	AT/2667/25-26/04.02.2026	19,293.00
22	Smt. Tripti Gupta, DHO, Patna		7,195.00
23	श्री अभिनन्दन कुमार		350.00
24	Mithila Stationary, Boring, Road, Patna	1615/10.02.2026	680.00
25	Mithila Stationary, Boring, Road, Patna	1579/02.02.2026	850.00
26	Mithila Stationary, Boring, Road, Patna	1616/10.02.2026	13,833.00
27	पुरस्कार की राशि (भागलपुर, वैशाली, कटिहार, सिवान, पूर्णियाँ, कैमूर, पटना, नालन्दा, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, गयाजी, सारण, पश्चिम चम्पारण, खगड़िया, पूर्वी चम्पारण, जहानाबाद, मधुबनी लखीसराय, बाँका, शेखपुरा, औरंगाबाद, दरभंगा, बेगूसराय, मधेपुरा, शिवहर, बक्सर, अरवल एवं सीतामढ़ी)		10,79,000.00
	भाड़े की गाड़ी से लाने एवं ले जाने पर होने वाले व्यय		
28	खगड़िया		10,450.00
29	कैमूर		13,500.00
30	पूर्वी चम्पारण		9,000.00
31	शेखपुरा		8,800.00
32	बक्सर		15,000.00
	कुल		**88,02,838.00**

(अठासी लाख दो हजार आठ सौ अड़तीस) रूपये

निदेशक उद्यान, बिहार।

(अभिषेक कुमार)

अनुसूची–03

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत आम महोत्सव, 2025–26 की उत्तरदेयता भुगतान से संबंधित विवरणी

क्र० सं०	फर्म/अन्य का नाम	विपत्र/पत्र संख्या एवं दिनांक	राशि
	भाड़े की गाड़ी से लाने एवं ले जाने पर होने वाले व्यय		
1	सहरसा	137 (A)/03.02.2026	13,000.00
2	सिवान	116/06.02.2026	12,600.00
3	पूर्वी चम्पारण	100/02.02.2026	3,300.00
4	सीतामढ़ी	90/06.02.2025	9,000.00
5	सुपौल	322/19.10.2025	12,115.00
6	मधेपुरा	145/03.02.2026	15,500.00
7	अररिया	171/03.02.2026	16,500.00
8	पूर्णियाँ	06.02.2026	34,500.00
9	कटिहार	110/02.02.2026	12,000.00
10	अरवल	271/11.08.2025	6,000.00
11	कैमूर	164/11.03.2026	5,000.00
12	सफल प्रतिभागी का पुरस्कार की राशि (मधुबनी)		45,000.00
13	बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर	03941/26.06.2025	2,400.00
14	Wizard Events & Conferences Pvt. Ltd New Delhi	WE/DL/1112/25-26/31.03.2026	1,13,900.00
	कुल		**3,00,815.00**

(तीन लाख आठ सौ पन्द्रह रूपये)

निदेशक उद्यान, बिहार।

(अभिषेक कुमार)

अनुसूची–04

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत मखाना महोत्सव, 2025–26 की उत्तरदेयता भुगतान से संबंधित विवरणी

क्र० सं०	फर्म/अन्य का नाम	विपत्र/पत्र संख्या एवं दिनांक	राशि
	भाड़े की गाड़ी से लाने एवं ले जाने पर होने वाले व्यय		
1	अररिया	172/03.02.2026	26,000.00
2	मधेपुरा	145/03.02.2026	16,800.00
3	सहरसा	137/03.02.2026	21,000.00
4	पूर्णियाँ	06.02.2026	35,000.00
5	खगड़िया	117/04.02.2026	14,300.00
6	सुपौल	420/03.11.2025	17,600.00
7	कटिहार	55/02.02.2026	25,000.00
8	मूल्यांकन एवं तकनीकी सत्र		4,800.00
	कुल		**1,60,500.00**

(एक लाख साठ हजार पाँच सौ)

निदेशक उद्यान, बिहार।
(अभिषेक कुमार)

अनुसूची–05

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत राज्यस्तरीय कार्यशाला, 2025–26 की उत्तरदेयता भुगतान से संबंधित विवरणी

क्र० सं०	फर्म का नाम	स्वीकृत्यादेश संख्या एवं दिनांक	राशि
1	Prem Tent & Decorators House, Hajipur, vaishali	1352/17.03.2026	2,00,010.00
2	M/s. Ranjan Mishra (Motihari, Purbi Champaran)	1290/17.03.2026	97,440.00
3	Sri Bajrang Tent House (Purbi Champaran)	1353/17.03.2026	2,01,600.00
	कुल		**4,99,050.00**

(चार लाख नियनान्वे हजार पचास रूपये)

निदेशक उद्यान, बिहार।
(अभिषेक कुमार)

अनुसूची–06

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी, 2025–26 की उत्तरदेयता भुगतान से संबंधित विवरणी

क्र० सं०	जिला का नाम	राशि
1	जिला उद्यान पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर	2,10,000.00
2	जिला उद्यान पदाधिकारी, नालन्दा	2,85,000.00
	कुल	**4,95,000.00**

(चार लाख पंचानवे हजार रूपये)

निदेशक उद्यान, बिहार।
(अभिषेक कुमार)

अनुसूची–07

वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान प्रदर्शनी योजनान्तर्गत उत्तरदेयता भुगतान हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारीवार एवं श्रेणीवार वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण

(वित्तीय लाख रू० में)

क्र० सं०	निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम	सामान्य	कुल योग
1	निदेशक उद्यान	97.63203	97.63203
2	जिला उद्यान पदाधिकारी, नालन्दा	2.8500	2.8500
3	जिला उद्यान पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर	2.1000	2.1000
	कुल	**102.5820**	**102.58203**
			(एक करोड़ दो लाख अन्ठावन हजार दो सौ तीन रूपये)

निदेशक, उद्यान, बिहार।

(अभिषेक कुमार)